मनमानी

भारत गैस संचालक तगावर द्वारा अवैध रुप से बिकवाया जा रहा गैस सिलेंडर, सीएसी सेंटर में नहीं हैं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

# साईकिल से लेकर परचून की दुकानों में मिल रहा गैस सिलेंडर

**ब्योहारी, नवभारत।** इन दिनों ब्योहारी क्षेत्र मे जगह - जगह सायकल दुकान से लेकर फारचून, पान ठेले की दुकानों मे अवैध रुप से गैस सिलेंडर बेंचे जा रहे, जिसकी जानकारी यंहा के सहायक खाद्य अधिकारी को भी है किन्तु वो भी अपना कमीशन लेकर इस अवैध करोबार पर चुप्पी साधे हुए है जिसका फायदा बाखूबी अवैध करोबारी उठा रहे है।

भारत गैस संचालक तगावर द्वारा ब्योहारी मे कई जगह अपना सीएसी सेंटर बनाये जाने की खबर है जंहा कई सिलेंडर अवैध रुप से भंडारित किये जाते है। इन सीएसी सेंटर में सुरक्षा के कोई पुक्ता इंतजाम नहीं है।



### सीएसी के नाम पर हो रहा खेला

गैस संचालक द्वारा सीएसी सेंटर घनी बस्ती एवं बीच बजार मे बनाये गये है खुदा न खास्ता यदि वंहा आग जनी हुई तो उससे निपटने के लिये इन सीएसी सेंटरो मे कोई पुक्ता इंतजाम नहीं है इसके बावजूद खाद्य अधिकारी द्वारा कार्यवाही करना तो दूर वंहा झाकने तक नहीं जाते है।

### अवैध रुप से चल रहा गैस रिफिलिंग का कार्य

नगरीय क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्रो मे जगह - जगह नियम क़ानून को ताक पर रख कर बड़े गैस सिलेंडरो से छोटे गैस सिलेंडरो मे गैस रिफ़िलग का कार्य खुलेआम बे धड़क किया जा रहा है और इन कारोबारियों को अवैध रुप से रिफ़िलग करने हेतु गैस सिलेंडर भारत गैस संचालक तगवार द्वारा आसानी सिलेंडर उपलब्ध कराये जाने की खबर है। ज्ञात हो कि तगावर ब्योहारी से 15 से 20 किलोमीटर दूर है किन्तु वह अपने वाहन के माध्यम से ब्योहारी सहित आस पास के क्षेत्र की दुकानों मे सिलेंडर पंहुचाया जा कर अवैध रुप से भंडारित कराकर इन कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है।

### सहायक खाद्य अधिकारी पर मिलीभगत का आरोप

कई बार अवैध रूप से बिक रहे सिलेंडर की शिकायत खाद्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियो से किये जाने की बात भी लोगों द्वारा बतायी ज़ा रही है इसके बावजूद आज तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पायी है। जानकारी के बाद भी कार्यवाही न हो पाने से लोगों द्वारा जिम्मेदार अधिकारियो पर मिली भगत का आरोप लगाया जा रहा है जिससे उनकी छवि तो खराब हो ही रही है साथ मे विभाग के साख पर भी बट्टा लग रहा है। लोगों द्वारा बिना पुक्ता इतजाम के अवैध रूप से सीएससी से बेचवाये जा रहे इन सिलेंडर पर रोक लगवाये जाने एवं सुरक्षा का पुक्ता इंतजाम किये जाने मांग की है।

**इनका कहना है**

मेरा ब्योहारी मे एक जगह ओपी सायकल वाले के यंहा सीएसी सेंटर है बांकी जंहा एक दो दिये जाते है वो ग्राहक हैं। एक मऊ में भी सीएसी सेंटर है। सीएसी सेंटर में सुरक्षा का इंतजाम किया गया है।

**शैलेन्द्र कुशवाहा**
**संचालक, भारत गैस एजेंसी, तगावर**

मैं तगावर वाले से सीएसी सेंटर की जानकारी मंगाता हूँ, जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

**सहायक खाद्य अधिकारी, ब्योहारी**

मैं सहायक खाद्य अधिकारी को बोलता हूँ। जांच कर प्रतिवेदन दें और आप मुझे स्थान की जानकारी दीजिये तो मैं भी देखे ले रहा हूँ, अनियमितत पाये जाने पर कार्यवाही की जायेगी।

**भागीरथ लहरे**
**एसडीएम ब्योहारी**

# डबल मर्डर केस में अब तक 23 लोगों की गिरफ्तारी

एक फरार आरोपी की तलाश जारी

**शहडोल, नवभारत।** केशवाही अंतर्गत बलबहरा ग्राम के सनसनीखेज एवं बहुचर्चित हत्याकांड मामले में पुलिस ने नामजद सभी आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली है। घटना में दो सगे भाइयों की हत्या हुई थी। इस मामले में कुल 24 आरोपी शामिल थे। घटना दिवाली के दूसरे दिन घटी थी।

घटना के बाद चैकी प्रभारी को निलंबित किया गया था और बुढार थाना प्रभारी को भी हटाया गया था। नए टीआई ने कमान संभालते ही फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की गई गिरफ्तार होने वाले आरोपियों की संख्या 23 हो चुकी है, 1 फरार आरोपी की तलाश जारी है। बुढ़ार थाना क्षेत्र के चैकी केशवाही के बलबहरा गांव में दो भाईयों की पीट पीट कर हत्या उस समय की गई थी, जब दोनों भाई दिवाली के दूसरे दिन अपनी दुकान में दिया जलाने पहुंचे थे।



### दिवाली के दूसरे दिन हुई थी घटना

दिवाली के दूसरे दिन बलबहरा निवाशी राकेश तिवारी एवं राहुल तिवारी की आरोपी अनुराग शर्मा एवं उसके अन्य साथियों ने मिल कर लाठी डंडों से पीट पीट कर हत्या कर दी। घटना में बीच बचाव करने आया तीसरा भाई भी घायल हुआ था। उसका उपचार आज भी अस्पताल में जारी है। घटना के बाद मुख्य आरोपी अनुराग शर्मा ने अपने कुछ साथियों के साथ बुढार थाने पहुंच कर सरेंडर कर दिया था और कुछ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। बुढार थाना प्रभारी संजय जायसवाल को एस.पी. ने हटाया और विनय सिंह गहरवार को बुढार थाने की कमान सौंपी। विनय सिंह ने अपनी टीम के सहयोग से बीते दिनों 6 आरोपियों की गिरफ्तारी की और अब 4 और आरोपी गिरफ्तार किए गए है। जिसमें अमित साहू पिता रघुनाथ साहू, विशाल शाह पिता ओमप्रकाश शाह, शिवम यादव पिता संजय यादव एवं आकाश मलिक पिता प्रकाश मलिक,सभी निवासी अमलाई को गिरफ्तार किया गया है, जिन्हें पुलिस ने न्यायालय पेश किया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है। 1 फरार आरोपी की तलाश जारी है, पुलिस का दावा है कि उसे भी शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।


## आज मैराथन दौड़ के साथ बाईक रैली सहित आयोजित होंगे कार्यक्रम

**शहडोल।** प्रधान जिला न्यायाधीश काशीनाथ सिंह के कुशल मार्गदर्शन में 9 से 14 नवंबर तक आयोजित होने वाले न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह के तहत मैराथन दौड़ प्रारंभ होगी, जिसकी थीम ''न्याय के लिए दौड़, प्रत्येक कदम कानूनी जागरूकता की ओर'' पर आधारित होगा। जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते ने जानकारी दी कि उक्त मैराथन प्रात: 8 बजे से महात्मा गांधी स्टेडियम से प्रारंभ होकर गांधी चौक से बुढ़ार रोड पर महादेव स्वीट्स प्रतिष्ठान के आगे से यूटर्न होकर वापस महात्मा गांधी स्टेडियम में समाप्त होगी। इस मैराथन में न्यायालयीन, विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारीगण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, पैरालीगल वॉलेंटियर्स, एनजीओ, स्वयंसेवी संगठन, विश्वविद्यालय के छात्र, अन्य युवा नागरिकों की सहभागिता होगी। मैराथन दौड़ में सम्मिलित होने वाले समस्त प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया जायेगा एवं दौड़ में प्रथम तीन स्थान पर आने वाले पुरूष वर्ग एवं महिला वर्ग के प्रतिभागियों को मेडल , कैश प्राईज एवं प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया जायेगा।

# क्षेत्र की शोभा बढ़ाने वाला ही बना है अशोभनीय

वर्षों से अधूरा पड़ा कार्य, पूर्ण कराने लोगों ने विधायक से लगाई आस

**ब्योहारी।** एसडीओपी कार्यालय के बगल से जो रास्ता शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकंड्री स्कूल की तरफ जाती है वंहा पर गेट निर्माण का कार्य कई वर्षो से अधूरा पड़ा हुआ है। उक्त संबंध मे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गेट निर्माण का कार्य शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकंड्री स्कूल के तत्कालीन प्रचार्य द्वारा वर्ष 2008 -09 मे कराया जाना बताया जा रहा है। चर्चा है कि गेट निर्माण के नाम पर तत्कालीन प्रचार्य द्वारा सम्पूर्ण राशि का आहरण कर लिया गया है जिस कारण गेट का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है हकीकत क्या है उसका खुलासा जांच से ही हो सकता है। लोगो का कहना है कि गेट का निर्माण भले ही रास्ते की सुंदरता को बढ़ाने के लिए कराया जाता रहा हो पर अब वो असोभनीय बन कर रह गया है। अधूरे पड़े गेट को लेकर लोगों द्वारा तरह तरह की चर्चाए की जा रही है। गेट का कार्य अधूरा क्यों कराया जा कर छोड़ दिया गया है उस संबंध मे कोई बताने को तैयार नहीं है। लोगों का कहना है कि यदि गेट का कार्य पूर्ण नहीं कराना था तो फिर उसका निर्माण कार्य ही शुरू क्यों कराया गया था आदि तमाम बातो को लेकर चर्चाओ का बाजार गर्म है। ऐसे मे लोगों ने क्षेत्रीय विधायक शरद जुगलाल से आस जतायी है कि विधायक इसे गंभीरता से लेकर इस पर पहल करें जिससे अधूरे पड़े गेट का निर्माण कार्य पूर्ण हो सके और नगर की शोभा बनी रही है। अब देखने वाली बात यह है कि समाचार के बाद इसे कितनी गंभीरता से लिया जाता है और अधूरे पड़े गेट निर्माण के कार्य को पूर्ण कराये जाने हेतु क्या पहल की जाती है।




# यदि भजन न किया तो मानव देह पाना बेकार : प्रपन्नाचार्य

भक्त प्रहलाद की भक्ति एवं नरसिंह भगवान के अवतार का सुंदर वर्णन

**शहडोल।** नगर के बुढार रोड स्थित डी सदन मैरिज गार्डन परिसर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा हम सभी भक्तजनों को कथा सुनने चित्रकूट की पावन भूमि से पधारे 1008 श्री स्वामी बदरी प्रपन्नाचार्य जी महाराज शहडोल की दिव्य भूमि में श्री मदभागवत् की कथा का रसास्वादन कराने के लिए पधारे है जिस कथा का सुंदर संकल्प चंद्रशेखर वर्मा ने लिया । आज की कथा में पूज्य गुरूदेव भगवान ने प्रहलाद जी महाराज का बड़ा ही मार्मिक प्रसंग सुनाया है प्रहलाद जी की भक्ति हमे सिखाती है कि इस संसार में आकर मानव देह पा कर यदि आप ने भक्ति ना की भगवान का भजन ना किया तो आप का मानव देह पाना बेकार है आप पशु के समान है और यदि भगवान की भक्ति कर रहे है तो संसार का कितना भी बड़ा कष्ट आए लेकिन भगवान की भक्ति भगवान का भजन बंद नहीं करना चाहिए अर्थात् प्रहलाद की भक्ति दृढ़ता और विश्वास का अधभुत प्रमाण है उसी का अनुसरण करना चाहिए ।



संसार के कष्टों को सहकर भगवान में लगन लगाई जाए तो निश्चित् ही संपूर्ण नियमों को पलट कर भगवान नरसिंह के अवतार में प्रगट् होते है और प्रह्लाद जैसे भक्तों को अपनी गोद में उठा कर उनका दुलार करते है कृपा करते है भक्ति को पूर्ण करते है रच्छा करते है इस दौरान कथा पंडाल में बहुत ही सुंदर प्रह्लाद जी और भगवान नर्सिंग जी की जीवंत झाँकी का दर्शन कराया। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा में आप सभी भक्तगण भी अधिक से अधिक संख्या में कथा स्थल बुढार रोड स्थित डी सदन मैरिज गार्डन पधारकर कथा श्रवण कर अपने जीवन को धन्यवाद एवं पुण्य लाभ लें ।



# मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता सत्र आयोजित

पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में हुआ कार्यक्रम

**शहडोल।** पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के कृषि विभाग में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का संचालन मानसिक स्वास्थ्य काउंसलर रागनी लाम्बा द्वारा किया गया। सत्र के दौरान विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातों की जानकारी दी गई।

उन्होंने भावनाओं की समझ और उनके प्रबंधन पर चर्चा की, साथ ही प्रोक्रास्टिनेशन (काम टालने की आदत) तथा ओवरथिंकिंग जैसी सामान्य मानसिक चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार एक सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाकर व्यक्ति अपने मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित रख सकता है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने स्लीप हाइजीन (नींद की स्वच्छता), स्क्रीन टाइम और मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले मानसिक और शारीरिक प्रभावों के बारे में भी विद्यार्थियों को जागरूक किया। कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत इंटरएक्टिव और उत्साहपूर्ण रहा। विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रश्न पूछे और अपने अनुभव साझा किए। रागनी लाम्बा ने विद्यार्थियों को काउंसलिंग के महत्व और उससे मिलने वाले लाभों के बारे में भी विस्तार से बताया। इस सत्र के माध्यम से विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर नई जागरूकता और सकारात्मक सोच का संचार हुआ।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**शहडोल ।** दो दिवसीय दौरे पर शहडोल पधारे भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार का भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत शनिवार को भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए बताया की शहडोल कमला नगर स्थित 'अटल निलय' जिला भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी जिला अजा मोर्चा की बैठक आयोजित की गई बैठक में अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार के शहडोल प्रथम आगमन कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया स्वागत के पश्चात भाजपा अजा मोर्चा की बैठक आयोजित की बैठक की शुरुआत में पार्टी की परंपरा अनुसार मां भारती एवं पार्टी के पितृ पुरुषों की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर बैठक की शुरुआत की गई कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी ने कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सभी की ओर से नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार का पुष्प कुछ भेंट कर स्वागत किया। शहडोल पधारे नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार ने भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं के साथ शहडोल नगर के राजेंद्र टॉकीज स्थित बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रृद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अजा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु भारती, शैलेश गिरजे, कार्यालय मंत्री गोकुल खंडाल, जिला महामंत्री अमित मिश्रा एवं पुष्पेंद्र पटेल, अजा मोर्चा महामंत्री कमल खटीक, नागेंद्र गोले, भरत नागराले, शिवमंगल, आशीष, मनोज, कमलेश पटेल, दिलीप रिछारिया, पार्षद सोनू साकेत मोर्चे के सभी मंडल अध्यक्ष जिला पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।







# संदीपनि विद्यालय में एनीमिया एवं सिकल सेल जागरूकता कार्यक्रम का समापन

**शहडोल ।** सांदीपनि शासकीय उमावि छतवई में सिविल सर्जन डॉ. सिल्पी सराफ के मुख्य आतिथ्य एवं भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानन्द शाखा के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एनीमिया एवं सिकल सेल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. आफरीन खान ने बताया कि अच्छे खान पान एवं व्यवस्थित दिनचर्या से रक्ताल्पता की कमी को दूर किया जा सकता है। डॉ. सिल्पी सराफ ने बताया कि सिकल सेल अनुवांशिक बीमारी है। इससे बचने के लिए जांच आवश्यक है। सिकल सेल बीमारी को रोकने के लिए आवश्यक है कि शादी से पहले लड़का एवं लड़की सिकल सेल की जांच कराएं तथा पॉजिटिव दोनो के पॉजिटिव होने पर विवाह नहीं करें। इसके साथ ही इनका उपचार भी उपलब्ध है। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज की चिकित्सक डॉ. ऋतु सोनी द्वारा उपस्थित जनों की शंकाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की खून की जांच की गई। कार्यक्रम में परिषद की उपाध्यक्ष नीति सिंघल, प्रकाश गुप्ता, मंजू गुप्ता, श्रृजा गुप्ता, सुशील सिंघल, गौरव मिश्रा, अखिलेश शर्मा, डॉ. राहुल सोनी, सचिन गुप्ता,संदीप तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रविन्द्र गुप्ता ने किया एवं विद्यालय की प्राचार्य अर्चना खरे ने सभी उपस्थित जनों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई।

# स्मरणोत्सव देश के नायकों, एवं बलिदानियों को नमन करने का दिन : राज्यमंत्री

शहीद स्मारक में अतिथियों ने शहडोल के शहीद सैनिक देवेन्द्र सोनी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**शहडोल।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150वें स्मरणोंत्सव के अवसर पर जिला मुख्यालय शहडोल के पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के पुराने कैम्पस के समीप स्थित शहीद स्मारक में देश की आजादी के नायकों एवं बलिदानियों तथा शहडोल नगर के शहीद सैनिक देवेन्द्र सोनी की प्रतिमा पर प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल, विधायक जयसिंहनगर मनीषा सिंह, पूर्व विधायक प्रमिला सिंह, जिला योजना समिति की सदस्य अमिता चपरा सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने श्रृद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उपस्थित जन समूह द्वारा डॉ. दशमीत कौर अरोरा के स्वर से स्वर मिलाते हुए राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया।



कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा कि 1857 की क्रांति में अंग्रेजों के दमन के कारण देश में जो शून्यता आई थी उसे श्री बंकिमचन्द्र चटर्जी ने आनन्दमठ उपन्यास में वंदे मातरम् गीत की रचना कर एक बार पुन: स्वतंत्रता सेनानियों में देश की स्वतंत्रता के लिए जोश भर दिया। यह महागीत राष्ट्रप्रेम की जागरूकता का गीत बन गया है। आजादी के दीवानों ने देश को स्वतंत्र कराने के लिए लाठियां खाई, गोली खाई, फांसी पर चढ़े और देश को स्वतंत्र कराकर ही दम लिया। राष्ट्रगीत वंदे मातरम् देश की आजादी के पूर्व एवं स्वतंत्रता के बाद के सपनों का भारत बनाने का माध्यम बन गया है। हम सबको स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग एवं बलिदान को याद करते हुए उनके सपनों का भारत बनाने के लिए लगातार प्रयास की जरूरत है।

विधायक मनीषा सिंह ने कहा कि राष्ट्रगीत वंदे मातरम के हर शब्द में मां भारती के प्रति श्रृद्धा त्याग और वीरता की भावना निहित है। हम सबको इस गीत की भावना को आत्मसात कर देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए सदैव समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए। जिला योजना समिति की सदस्य श्रीमती अमिता चपरा ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं बल्कि यह भारत की आत्मा और संस्कृति का स्वर है। जिसने स्वतंत्रता आन्दोलन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की। उन्होंने कहा कि बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित गीत स्वतंत्रता संग्राम का प्रेरणा स्त्रोत बना और आज भी हमे राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला, पार्षद सिल्लू रजक, समाजसेवी संतोष लोहानी, अमित मिश्रा, निधि गुप्ता, अंकुश शर्मा, अनुराग शुक्ला, प्रियम त्रिपाठी, एनसीसी के कैडेट सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें। आभार भूपेन्द्र मिश्रा ने व्यक्त किया।



# जिला कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक आयोजित

**शहडोल।** जिला काँग्रेस कमेटी शहडोल के जिला प्रभारी विधायक नारायण पट्टा की अध्यक्षता एवं जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी की सहमति से कांग्रेस भवन शहडोल मे जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमे समन्वय समिति के सदस्यों से विचार-विमर्श के पश्चात संगठन के संबंध मे कई निर्णय लिए गए एवं विधायक नारायण पट्टा द्वारा समन्वय समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। तदुपरांत विधायक नारायण पट्टा द्वारा समस्त ब्लाक एवं मंडलम अध्यक्षों के साथ बैठक कर एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान - मतदाता सूची सत्यापन के लिए काँग्रेस द्वारा नियुक्त बीएलए-2 के कार्यों व उद्देश्य के बारे मे चर्चा कर जानकारी दी गई एवं मतदाता सूची सत्यापन के लिए समस्त नियुक्त बीएलए-2 को अपने अपने बूथ पर मतदाता सूची सत्यापन करवाने के निर्देश दिए गए। उक्त जानकारी जिला काँग्रेस कमेटी शहडोल के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला ने प्रदान की।कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जिला प्रभारी विधायक नारायण पट्टा, पूर्व जिलाध्यक्ष नीरज द्विवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष आजाद बहादुर सिंह, जनपद अध्यक्ष उमा धुर्वे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नरेन्द्र मरावी,पूर्व पार्षद प्रभात पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनुपम गौतम, शोसल मीडिया से प्रीतेश द्विवेदी, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला,ब्लॉक अध्यक्ष राजीव शर्मा, दल प्रताप सिंह, शिवशंकर शुक्ला, ओ पी शुक्ला, चन्द्रमा तिवारी, अनूप सिंह,अजय शर्मा, विनोद ताम्रकार, मनोज सिंह,जयकरण सिंह, राजेश सोंधिया, अनिल तिवारी, रजनी गुप्ता आदि काँग्रेसजन उपस्थित रहे।